स्थानीय संसाधनों का उपयोग: प्राथमिक भाषा और साक्षरता

हिन्दी
कमेंट्री: इस प्राथमिक भाषा की कक्षा में, शिक्षिका ने कुछ कार्ड तैयार किये हैं। उन पर लिखे शब्दों और परिचित वस्तुओं के बीच संबंध बनाने में, अपने विद्यार्थियों की मदद करने के लिए, वह उन्हें बाहर लेकर आई हैं। **शिक्षिका:** इस कार्ड पे क्या लिखा है? **विद्यार्थी:** सीढ़ी। **शिक्षिका:** ये क्या लिखा है? ये क्या ऐसे? ये? स। **विद्यार्थी १:** त। **शिक्षिका:** स। **विद्यार्थी १:** त। **शिक्षिका:** स पे ये काहे की मात्रा है? **विद्यार्थी १:** छोटी इ की। **शिक्षिका:** बड़ी ई की। कमेंट्री: हाथ से बने संसाधनों को तैयार करना और ज़रूरत के हिसाब से ढालना आसान होता है। **शिक्षिका:** क्या हुआ ये? **विद्यार्थी १:** सीढ़ी। **शिक्षिका:** सीढ़ी, शाब्बास! Very good, बैठ जाओ। **शिक्षिका:** कहाँ है सीढ़ी?

विद्यार्थी: वो।

शिक्षिका: हाँ, तो बस, वहाँ जाके, इस कार्ड को रखना है।

सारे बच्चे खड़े हो जाएँगे। खड़े हो जाएँगे।

अब, सबसे पहले, आगे वाला बच्चा कार्ड उठाएगा, उसको ध्यान से पढ़ेगा, उसमें जो भी लिखा है, उसको, उसको ले के उस चीज़ के पास जा के रखना है। समझ में आ गया सब बच्चों को?

विद्यार्थी: हाँ।

शिक्षिका: ठीक है? शुरु करो बेटा।

कमेंट्री:

बाहरी स्थान एक बहुमूल्य संसाधन है। यह मुफ्त है, विद्यार्थियों में ऊर्जा भरता है, और वे ऐसे सन्दर्भ में खुश होकर सीखते हैं। विद्यार्थियों का सीखना भी, उनके अनुभवों और वास्तविकता पर आधारित हो जाता है। यहाँ कार्ड पर लिखे शब्दों को आसपास के वातावरण की चीज़ों के साथ जोड़ने का काम, विद्यार्थी अपनी टीमों में, बारी बारी से करते हैं।

शिक्षिका: अपनी बारी का इंतज़ार करो। अपनी बारी का इंतज़ार करो।

विद्यार्थी २: दीवार।

शिक्षिका: ढूँढ़ो, कहाँ है कुर्सी।

विद्यार्थी ३: चप्पल।

कमेंट्री:

विद्यार्थी जब कार्ड रख देते हैं, तो शिक्षिका उनकी जाँच करती हैं। शुरुआत होती है, लाल टीम के साथ! शिक्षिका सिर्फ सही cards उठाती हैं, और गलतवाले वहीं छोड़ देती हैं, ताकि विद्यार्थी अपनी गलतियों से सीख सकें। यह शिक्षिका को अपने विद्यार्थियों की समझ का आकलन करने में भी मदद करता है।

शिक्षिका: लाल वाले बच्चों ने, छह कार्ड सही रखे हैं। बाकी सारे cards... वहाँ पे फैले हुए हैं, लाल वाले कार्ड बच्चे दौड़ के उठा के लाओ अपने-अपने cards.

लाल वाले, सिर्फ लाल वाले लाना है। अपनी जगह पे बैठेंगे। फटाफट बैठ जाओ।

बच्चों ने कुछ cards गलत जगह पे रखे हैं। ठीक है? अब आपको इनको पढ़ के बताना है।

आप पढ़ो।

विद्यार्थी ४: ख में छोटी इ, खि, ड़, क में बड़ी ई, खिड़की।

शिक्षिका: खिड़की कहाँ है?

विद्यार्थी ४: वो।

शिक्षिका: खिड़की कहाँ है? सब बच्चे बताएँगे।

विद्यार्थी: वो।

शिक्षिका: लाल वाले बच्चें बताएँगे, खिड़की कहाँ है?

विद्यार्थी: वो।

शिक्षिका: देखो यहाँ।

कमेंट्री:

आप किन संसाधनों का प्रयोग शिक्षण सहायक सामग्री के रूप में कर सकते हैं? और अपनी कक्षा के बाहर के स्थानों का उपयोग आप किस तरह कर सकते हैं?